## संक्षिप्त

### साधारण सभा की बैठक 28 को

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय पंचायत समिति में 28 जुलाई को प्रधान रामअवतार लांगडी की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित होगी। विकास अधिकारी रानू इंकिया ने बताया कि 28 जुलाई को सुबह 11 बजे पंचायत समिति के सभागार में साधारण सभा की बैठक आयोजित होगी। जिसमें गत बैठक की कार्यवाही, सम्पूर्ण स्वच्छता योजना, सिंचाई विभाग,विद्युत विभाग, पेयजल विभाग, कृषि उपज मंडी, खाद्य आपूर्ति, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वन विभाग, पशु पालन विभाग संबंधित कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी।

### फार्मासिस्ट का इस्तकबाल किया

**सांभरझील,** (निसं)। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत सरफराजुल्लाह खान का वतन लौटने पर इस्तकबाल किया गया। पिछले दो माह से वे सऊदी अरेबिया में प्रतिनियुक्ति पर गए हुए थे। इस दौरान उन्होंने मक्का, मदीना, मीना में रहकर हाजियों की खिदमत व चिकित्सा सेवा भी उपलब्ध करवाई। वकील शमीम उल हक, नसीम उल हक, हाजी फैजुल्लाह खान, सैफुल्लाह खान अत्ताउल्लाह खान, इमदादुल्लाह खान इकरामुल्लाह खान, शफीकुल्लाह असदुल्लाह खान, नौशादुल्लाह खान, जुल्फिकारूल्लाह खान, शोहरत अली, एजाजुल हक, एहसान उल हक ने उनका माल्यार्पण कर इस्तकबाल किया।

### कब्रिस्तान में 50 पौधे लगाए

**मनोहरपुर,** (निसं)। कस्बे के तोपचिवाडा के कब्रिस्तान में सोमवार को मुस्लिम युवा विकास समिति मनोहरपुर के कार्यकर्ताओं ने समिति के संरक्षक एवं मार्गदर्शक जमील खान चौहान की उपस्तिथि में करीब 50 छायादार पौधे लगाये। इस दौरान युवाओं ने पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सदाम खान, शाहीद खान, असगर खान, सदाम खान, जब्बार खान, फिरोज खान,शाहरुख, नासिर, दिलजान, हमराज, फेसल, मुन्ना माईकल, जुबेर खान,सरफराज खान, साजिद खान,शाहरुख, ईमरान आज़ाद, मोसिम, फजरु व सरफराज खान सहित कई युवा मौजूद थे।

### सुकन्या ने कांस्य पदक जीता

**खैरथल,** (निसं)। नेशनल लेवल तायक्वांडो फाइनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में खैरथल निवासी सुकन्या कुमारी ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उक्त राष्ट्रीय स्तरीय तायक्वान्डों प्रतियोगिता चैंपियन ऑफ चैंपियन - 2023 का आयोजन इंडिया तायक्वान्डो फैडरेशन की ओर से महाराष्ट्र के नासिक में 19 जुलाई से 22 जुलाई तक किया गया। इससे पूर्व में राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी चयनित हुए थे। खैरथल के मातोर रोड़ श्याम नगर की रहने वाली सुकन्या कुमारी ने जूनियर कैटिगिरी में इस प्रतियोगिता मे भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाते हुए कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### विधायक के जन्मदिन पर आज कई कार्यक्रम होंगे

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर के 40 वें जन्मदिवस को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

विधायक इंद्राज गुर्जर के निजी मीडिया सहायक मनोज अग्रवाल व अजय सैनी ने बताया कि मंगलवार को पावटा स्थित राज आंगन गार्डन में विधायक इंद्राज गुर्जर का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया जायेगा। तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर व स्नेह मिलन समारोह सहित मनीषा सैनी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहरसिंह धनकड, मनोज अग्रवाल, अजय सैनी, शिभू हाडिया, राजेश यादव, लालचन्द यादव, दशरथ यादव, कुन्दन स्वामी, आनन्द जांगिड, मनोज सोनी, राजेन्द्र धनकड, रामकरण यादव, अमित गजराज, दीपक धानका, श्रीराम जाट, वेदप्रकाश बाकोलिया, राजीव डहरवाल, राजकुमार धानका, महेश बैराठी सहित कांग्रेस पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान करने की अपील की।

# 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत भाजपाइयों ने नगर परिषद पर प्रदर्शन किया

## शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया



कोटपुतली में प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी।

**कोटपूतली,** (निसं)। कोटपूतली नगर परिषद परिक्षेत्र में व्याप्त गंदगी, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी व अन्य मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी कोटपूतली के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के अन्तर्गत नगर परिषद कार्यालय परिसर पर प्रदर्शन किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण स्थानीय राठौड़ पार्क में एकत्र होकर नगर परिषद कोटपूतली के विभिन्न भ्रष्टाचारी कार्यों के विरूद्ध राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन विषेशाधिकारी कोटपूतली को सौंपने के लिए पहुंचे। जहां पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था, जिन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं पर निर्दयता का व्यवहार करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर पनियाला थाना भेजा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में नारे लिखी तख्तियां ले रखी थी जिनमें बदहाल सफाई व्यवस्था, लगभग 8 करोड़ रूपये सालाना सफाई व्यवस्था में खर्च होने बावजूद शहरवासियों का गंदगी में रहना, कोटपूतली शहर कूड़े के ढेर में तब्दील होना, सफाई के टेण्डरों में भ्रष्टाचार, नगर परिषद क्षेत्र में रोड़ लाईटों की स्थिति, ईटली जोहड़ में पानी निकासी के नाम पर नगर परिषद में कई बार मोटी राशि स्वीकृत व कथित रूप से खर्च हो जाने के बावजूद भी ईटली जोहड़ में पानी की निकासी नही होना, नालों की सफाई के नाम पर लाखों रूपये खर्च करने के बाद नाले गंदगी से ज्यो के त्यों अटे पड़े रहना, शहर में मास्टर प्लान के नाम पर गलत तरीके से तोडें गये मकानों व दुकानों के कारण होने वाली अव्यवस्था, नगर परिषद में हो रहे टैंडरों में भारी अनियमितताओं की जाँच करवाना जैसे नारे लिखे हुए थे। कार्यकर्ता शहर की इन प्रमुख समस्याओं के समाधान व नगर परिषद के भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी की जाँच करवाने का एक ज्ञापन लेकर नगर परिषद स्थित विषेशाधिकारी कार्यालय पहुँचे थे जहाँ प्रशासन ने उनकी बात सुने बिना ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी देने वालों में जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, बूथ अभियान के विधानसभा प्रभारी एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा, ओबीसी मोर्चा प्रदेष उपाध्यक्ष हीरालाल रावत, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक रावत, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूरण मल सैनी, नगर मण्डल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, उत्तर मण्डल अध्यक्ष रमेश रावत, भाजयुमो नगर मण्डल अध्यक्ष रमन सैनी, नेता प्रतिपक्ष प्रमोद गुरूजी, पूर्व चेयरमैन महेन्द्र सैनी, भाजयुमो पशिचम मंडल अध्यक्ष राजेश सराधना, पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला, भाजपा नेता धूड़ सिंह, यादराम जांगल, भाजयूमो नगर मण्डल महामंत्री दयाराम प्रजापत, पूर्व जिला पार्षद प्रविन्द्र आर्य, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, महेन्द्र गुर्जर, जे.पी कोटिया, जयराम गुर्जर, कमल कसाना, विक्रम शर्मा, सीताराम बंसल, महेष सैनी, कृष्ण स्वामी, पूरण मल यादव रहे।

भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि सोमवार को कोटपूतली नगर परिषद कार्यालय घेराव के बाद भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर, अपरान्ह 03.00 बजें नगर पालिका तिराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एफआईआर कैम्प लगाया गया जिसमें पीड़ित आमजन जिनकी प्रशासन द्वारा सुनवाई नहीं की जा रही उनकी सुनवाई हेतु एफआईआर संग्रहित की गई। उसके बाद सांय 6 बजे ग्राम पनियाला में नही सहेगा राजस्थान अभियान के तहत ग्राम चौपाल एवं जन सम्पर्क कार्यक्रम के अन्तर्गत भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर ने आमजन से रूबरू होते हुए सघन जन सम्पर्क किया। जहॉ लोगों ने प्रशासन के खिलाफ अपनी पीड़ा विस्तार से कही।

## डिग्गी नायब तहसीलदार के विरूद्ध मामला दर्ज

**मालपुरा,** (निसं)। डिग्गी कस्बे की चरागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाये जाने के मामले में न्यायालय में दर्ज याचिका पर याचिका कर्ता को मौके पर बुला जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने व गाली-गलौच किये जाने के आरोप लगाते हुए याचिकाकर्ता ने डिग्गी नायब तहसीलदार के विरूद्ध नामजद मामला कराया दर्ज। थानाधिकारी अय्यूब खान ने बताया कि डिग्गी निवासी याचिकाकर्ता रामनारायण मीणा की ओर से दी रिपोर्ट में बताया कि 21 जुलाई को डिग्गी नायब तहसीलदार कैलाश मीणा ने याचिकाकर्ता रामनारायण मीणा को चरागाह से अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर चावण्डिया रोड पर बन्नालाल माली के खेत पर जरिए दूरभाष से सूचना देकर बुलाया गया। प्रार्थी जब मौके पर पहुंचा तो नायब तहसीलदार मौके पर ना होकर अतिक्रमण हटाने वाली टीम में शामिल हरजी माली, जीतराम माली, गुड्डू माली, अर्जून सहित अन्य ने याचिका कर्ता के साथ धक्का मुक्की कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। साथ ही जमकर गाली-गलोच भी की। थानाधिकारी ने बताया कि प्रार्थी की और से दी रिपोर्ट पर एससी-एसटी एक्ट मे मामला दर्ज कर जांच डीवाईएसपी पीपलू इंदु लोदी को सौंपी गई है।

दूसरी ओर नायब तहसीलदार कैलाश मीणा ने बताया कि रामनारायण मीणा द्वारा बताई गई घटना की उन्हें कोई जानकारी नहीं है और ना ही वो मौके पर मौजूद थे। बताई गई घटना के समय वो वीसी में गये हुऐ थे। यह मामला प्रार्थी का निजी मामला हो सकता है।

### भोलेनाथ की महाआरती

**खैरथल,** (निसं)। स्थानीय नगरपालिका के स्वर्ग आश्रम पर शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की महा आरती का आयोजन पंडित पंकज जी शास्त्री के सानिध्य में किया गया। सैकड़ों भक्तों ने बाबा भोलेनाथ के अलौकिक श्रृंगार के दर्शन का लाभ प्राप्त कर आरती में सम्मिलित हो भगवान शिव शंकर का आशीर्वाद लिया।

## विधायक रामलाल शर्मा ने सड़कों का शिलान्यास किया

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। पंचायत समिति गोविन्दगढ़ परिसर में विधायक रामलाल शर्मा और पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव ने सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 125.15 लाख की लागत से बनने वाली दो मुख्य सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

शिलान्यास समारोह में उपस्थित अतिथियों का ग्रामवासियों द्वारा माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। हाल ही में विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से साविनि द्वारा पुराना एनएच गोविन्दगढ़ पंचायत समिति के सामने सीसी सड़क निर्माण कार्य 800 मीटर लंबाई की सड़क के लिए 98 लाख और गोविन्दगढ़ पुलिया से लेकर धोबलाई सड़क की ओर सड़क निर्माण कार्य 300 मीटर लंबाई की सड़क के लिए 27.15 लाख रुपये की स्वीकृत किए गए थे।

विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि गोविन्दगढ़ से होकर गुजरने वाली ये दोनों ही सड़के महत्वपूर्ण है, इन सड़को के निर्माण कार्य के लिये मुझे गोविन्दगढ़ में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान यहां के स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा प्रमुखता से पूरा करवाने के लिए मांग रखी थी। मेरा प्रयास एक जनप्रतिनिधि के तोर पर सदैव आमजन की समस्याओं को दूर कर उनको समय पर पुरा करना होता है। पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव ने ग्रामवासियों की ओर विधायक रामलाल शर्मा का आभार जताया। इस मौके पर धोबलाई सरपंच रमेश शर्मा, अनन्तपुरा सरपंच बद्री प्रसाद, पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, पंचायत समिति सदस्य ज्योति कुमावत, लालचन्द यादव, संजय यादव, सुरेश शर्मा, राजेश बुनकर, बंटी जाँगीड सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



विधायक रामलाल शर्मा ( बाएं से पांचवें ) ने 125.15 लाख की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया।

## जनता जानना चाहती है लाल डायरी का सच: चतुर्वेदी

**जयपुर,** (निसं)। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि, वे प्रदेश की जनता को लाल डायरी का सत्य बताएं। उन्होंने कहा कि जनता को सत्य जानने का अधिकार है।

गहलोत सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र गुढ़ा ने जिस प्रकार का बयान जारी कर लाल डायरी गायब कर गहलोत सरकार को बचाने की बात कही है वह कांग्रेस सरकार की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह खड़े कर रही है, इसलिए मुख्यमंत्री को इस मामले पर राज्य की जनता को स्पष्टीकरण देना चाहिए। साथ ही डॉ. चतुर्वेदी ने केन्द्रीय व राज्य स्तरीय समस्त जांच एजेंसियों से भी मांग की है की सरकार में शामिल कोई मंत्री भ्रष्ट आचरण से सरकार को बचाने की बात सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर रहा है तो जांच एजेंसियों को चाहिए कि वह तत्काल गुढ़ा को तलब कर लाल डायरी के संदर्भ में बयान दर्ज करें, ताकि जनता सच को जान सके। भाजपा नेता चतुर्वेदी ने कहा, राज्य की कांग्रेस सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। या तो मुख्यमंत्री नैतिकता के नाम पर स्वयं त्याग पत्र दें या फिर कांग्रेस हाईकमान जनता को विश्वास में लेने के लिए स्वयं ही मुख्यमंत्री से त्याग पत्र मांगे। डॉ. चतुर्वेदी ने कहा है कि, गहलोत सरकार को बचाने वाले बसपा से कांग्रेस में आकर मंत्री पद पाने वाले राजेंद्र गुढ़ा ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने उनसे कहा था कि लाल डायरी लेकर आओ और उन्होंने भारी सुरक्षा के बीच लाल डायरी लाकर सबूत नष्ट करने की बात कहकर स्वयं ही अपराध में शामिल होना भी स्वीकारा है इसलिए यह मामला उच्च स्तरीय जांच की श्रेणी में आता है।

## सड़क किनारे दीवार से टकाराई कार में आग लगी

**मंडावरी/लालसोट,** (निसं)। मंडावरी थाना क्षेत्र के खानपुर ग्राम के पास रविवार देर रात एक कार दीवार से टकरा गई जिससे कार आग के शोले में तब्दील हो गई।

चालक द्वारा किसी तकनीकी खामी के कारण कार से काबू खो देने के बाद कार तेज गति में सड़क के किनारे दीवार से जा टकराई एवं दीवार के ऊपर चढ़ गई।

इस सड़क हादसे में कार का टूलबॉक्स टूट गया एवं घर्षण से उसमें आग लगने से पूरी कार आग की चपेट में आ गई। वहीं कार में सवार करीब तीन-चार सवारियों द्वारा बमुश्किल गाड़ी से निकलकर खुद की जान बचाई गई।

सूचना पर मौके पर पहुंची लालसोट नगर पालिका की दमकल द्वारा आग के शोले में तब्दील कार को पानी की बौछार से भुजाया गया। लेकिन कार का फ्यूल टैंक फट जाने के चलते हैं उसमें सिर्फ रहा क्यूल ज्यादा आग लगने का कारण बनने के चलते सुरक्षा को ध्यान में रख दमकल पर मौजूद फायर कर्मियों द्वारा फॉर्म केमिकल आदि की बौछार कर कार में लगी आग पर काबू पाया गया।

## फूलों की वर्षा के साथ कस्बे से निकली कावड़ यात्रा


**चाकसू,** (निसं)। श्री नीलकंठ मंदिर सेवा समिति एवं श्री नीलकंठ नवयुवक मंडल चाकसू के तत्वावधान में सोमवार को कस्बे से मुख्य बाजार होते हुए नीलकंठ महादेव एवं हनुमान मंदिर तक पुष्प वर्षा, डीजे की धुन, आकर्षक झांकी के साथ अष्टम कावड़ यात्रा निकाली गई।

आपको बता दें लगभग चार पांच साल बाद कावड़ यात्रा गणेश पुरी धाम के महंत राजेंद्र पुरी महाराज एवं समाजसेवी मयंक बैरवा के नेतृत्व में मुख्य बाजार होते हुए निकाली। इस बीच कावड़ यात्रा में डीजे बजाने एवं यात्रा के मार्ग को लेकर पुलिस प्रशासन से हल्की नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई। जिसके बाद सहमति से भव्य कावड़ यात्रा बाजार से निकाली गई।

- **यात्रा के मार्ग को लेकर पुलिस प्रशासन से हुई हल्की नोंक-झोंक**

थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया कि कस्बे के मुख्य बाजार से कावड़ यात्रा निकालने को लेकर कावड़ियों ने प्रशासन से स्वीकृती जारी नहीं करवाई थी एवं प्रशासन के द्वारा कावड़ यात्रा में डीजे बजाने को लेकर प्रतिबंध है। सुरक्षा की दृष्टि से कावड़ यात्रा को मुख्य बाजार से ना होते हुए अन्य रास्तों से होते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर तक ले जाने के लिए कहा गया था फिर श्रद्धालुओं की भावनाओं को देखते हुए पुलिस सुरक्षा में कस्बे के मुख्य बाजार होते हुए कावड़ यात्रा निकाली गई।

यात्रा में समाजसेवी मयंक बैरवा की ओर से जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया और यात्रा महादेव मंदिर पहुंचने के पश्चात सहस्त्र घाट, महाआरती, क्षेत्र की खुशहाली की कामना एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न कराई गई । मंदिर समिति सदस्य भागचंद सैनी चेतन सैनी राजू मोहन राम बाबू कुमावत मुकेश गुर्जर बाबूलाल यादव विशाल सैनी ने बताया कि अष्टम पदयात्रा के लिए कावड़ियों का दल 23 जुलाई को गलता पीठ से रवाना हुआ था जो 24 जुलाई को चाकसू स्थित महादेव मंदिर पहुंचा है।



श्री नीलकंठ मंदिर सेवा समिति एवं श्री नीलकंठ नवयुवक मंडल द्वारा अष्टम कावड़ यात्रा निकाली गई।

### मांगों को लेकर रैली निकाली

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम चौधरी के नेतृत्व में रैली के रूप में पहुंचकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी व उपखंड अधिकारी कार्यालय का घेराव किया ।

टीम श्याम चौधरी ने बताया कि प्रातः 11 बजे रेलवे स्टेशन पर एकत्रित होकर रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए अस्पताल चौराहा, खटोड़ा बाजार, मस्जिद होते हुए सुरानी बाजार, चौपड़ बाजार, रींगस बाजार होते हुए उपखंड कार्यालय व नगरपालिका कार्यालय के समक्ष पहुंचकर प्रदर्शन कर घेराव किया । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम का ज्ञापन उपखंड कार्यालय में तहसीलदार लोकेंद्र सिंह मीणा को सौंपा।

ज्ञापन में विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर की मुख्य सड़कों का नवीनीकरण, श्रीमाधोपुर नगर पालिका में पार्क में बनवाने , प्रस्तावित स्टेडियम का संचालन कराने, नगर पालिका में कथित भ्रष्टाचार की जांच कराने व ग्राम पृथ्वीपुरा अंडर पास व हांसपुर के बीच रेलवे लाइन के पास बने पोलादास बालाजी के मंदिर के बीच अंडर पास बनवाने आदि मांगे शामिल थी। इस मौके पर श्याम चौधरी के साथ रैली में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-समाचार

### हरा-भरा राजस्थान के तहत पौधारोपण



**लालसोट,** (निसं)। मानव सेवा संस्थान द्वारा हरा-भरा राजस्थान कार्यक्रम व वृक्षारोपण अभियान के तहत आदर्श विद्या मंदिर परिसर श्यामपुरा रोड लालसोट में पौधारोपण कर ट्री गार्ड लगाए व उनमें नियमित पानी देने व सुरक्षा करने का संकल्प दिलवाया। इस दौरान पहल मानव सेवा संस्थान से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा प्रति व्यक्ति एक पौधा लगाने एवं उसके देखभाल करने के साथ पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कृषि उपज मंडी समिति मंडावरी की सचिव ममता गुप्ता ने इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कहा कि मौजूदा समय में पर्यावरण का प्रदूषित हो चुका है एवं वायुमंडल को बचाने के लिए एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण जरूरी है। विकास सैनी जय मॉ ज्वाला प्रॉपर्टीज ओमप्रकाश शर्मा विनायक डेंटल हॉस्पिटल लालसोट का आर्थिक सहयोग रहा। इस अवसर पर आदर्श विद्या मन्दिर प्रधानाध्यापक हंसराज शर्मा पहल संयोजक सुनील गुप्ता, सचिव सुरेंद्र जांगिड़,अंकुश आमेरिया,अनुराग प्रिय शर्मा बदराम मीना प्रेमराज चौधरी श्याम सुंदर सैनी दीपक जांगिड़ भुवनेश शर्मा, मंगलराम, निरंजन, दीपक,निखिल गुप्ता,जगदीश जायसवाल,मनीष चोरुवाला,रितेश तिवाडी, प्रकाश सैनी, प्रदीप सोनी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कावड़ियों का स्वागत किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के निकट ग्राम खेलगांव डेरावाली में हरिद्वार से कावड़ लेकर शिव भक्तों का श्रीमाधोपुर गांव डेरावाली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। ग्राम के प्रहलाद बगड़िया व मुरलीधर मंगवा ने बताया कि श्रावण मास के पुरुषोत्तम मास में डेरावाली कल्याणपुरा के शिव भक्तों ने हरिद्वार से कावड़ लाकर भोले का अभिषेक किया ।14 दिन से आए शिव भक्त बाबूलाल बगड़िया, रामसाय सामोता, श्रवण रोलानियां ,राकेश सामोता, पवन नटवाड़िया आदि का माला पहनाकर स्वागत किया। मंगवा व बगड़िया ने बताया कि हरिद्वार से ग्राम डेहरावाली ग्राम पंचायत के पास रुके जहां से डीजे के साथ नाचते गाते हुए ग्राम डेरावाली शिव मंदिर पहुंचे जहां पर शिव भक्तों ने शिव का जलाभिषेक कर शिव भोले से मनोकामना की। शिव भक्तों ने कावड़ लेकर पहुंचे कावडियो और अनेक लोगों ने डीजे ढोल के साथ नाचते गाते हुए गांव के शिव मंदिर प्रांगण पर पहुंचाया । गांव पहुंचते ही सरपंच प्रतिनिधि रामदेव रोलानियां, रामवतार सामोता, सीताराम सामोता, शिवपाल रोलानिया, रामचंद्र रोलानिया, सूरजभान सामोता, पूरणमल सामोता, गोपाल रोलानिया, किशोर सामोता, बोदूराम गोदारा, मुरलीधर सामोता, समेत ग्राम वासियों ने भव्य स्वागत किया। हरिद्वार से लाई कावड़ से सोमवार को भोलेनाथ का अभिषेक किया।

### 5 दिन से पानी का संकट

**अलवर,** (निसं)। शहर में पुलिस लाइन भैरू का चबूतरा बागर का बास में 5 दिन से पानी का संकट बना हुआ है। ट्यूबवेल में पानी है लेकिन जलदाय विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते इस वार्ड के लोगों को पानी के संकट से गुजर ना पड रहा है। वहीं भगवान भोले के श्रावण के तीसरे सोमवार को उधारी के पानी से महिलाओं ने और श्रद्धालुओं ने पानी मांग कर स्नान किया। उसके बाद में पूजा अर्चना की व्यवस्था की। लेकिन जलदाय विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इतने लापरवाह बने हुए हैं, कि वह इस क्षेत्र के लोगों के फोन तक नहीं उठा रहे। पुलिस लाइन के समीप मुख्य सडक के पास ट्यूबेल में बार-बार केबल फाल्ट हो जाती है ।महीने में 4 बार यह स्थिति बनती है। लेकिन यहां के कनिष्ठ अभियंता की लापरवाही के चलते लोगों को परेशानी का सामना उठाना पड रहा है। आखिर उसके द्वारा फोन नहीं उठाने पर इस क्षेत्र के लोगों ने, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट पुखराज सेन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट उत्तम सिंह शेखावत सिटी मजिस्ट्रेट नवीन यादव के अलावा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली को अवगत कराते हुए मौके की स्थिति की फोटो भेज कर आवश्यक कार्यवाही की मांग की। स्थानीय लोगों ने बताया 200 फीट मोटर की केबल में 1 दर्जन से अधिक जॉइंट है।

### खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने की मांग

**टोंक,** (निसं)। भीम सेना जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा ने जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल को ज्ञापन सौंप कर बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीण्डलीया बुजुर्ग को आंवटित खेल मैदान पर कुछ प्रभावशील लोगों द्वारा अतिक्रमण कर स्कूल प्रबन्धन को सौंपी गई जमीन को नुकसान पहुंचाया गया है। इस सम्बन्ध में कई बार तहसीलदार स्तर पर भी शिकायतें दर्ज की गई हैं। ज्ञापन में आग्रह किया गया है कि राज्य सरकार के घोषित ग्रामीण ओम्पपिक टूर्नामेन्ट इसी भूमि पर करवाये जायें, साथ ही प्रशासन मालपुरा को निर्देशित किया जाये कि आंवटित भूमि की पुन: पैमाइश कर चार दिवारी का निर्माण हेतु बजट भी स्वीकृत किया जाये ताकि अतिक्रमणकारी लोगों से भूमि को बचाया जाये। ज्ञापन देने के दौरान अशोक बैरवा, भीम सैना जिला अध्यक्ष, सांवर लाल गुर्जर, सुखलाल गुर्जर, मीरबक्ष, सीताराम बैरवा, भँवर लाल कुमावत, किशन प्रजापत, राजेश, राकेश, रामेश्वर, राहूल, रमेश, राजेन्द्र व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा

**निवाई,** (निसं)। बाईपास पर स्थित मीणा छात्रावास में सोमवार को मीणा समाज निवाई की बैठक अध्यक्ष मुरलीधर मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें मणिपुर में आदिवासियों महिलाओं पर पिछले कुछ दिनों से हो रहे अमानवीय अत्याचारों की तुरंत रोकथाम की मांग को लेकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन भेजकर इस तरह की घटनाओं पर तुरंत रोकथाम की मांग की। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष श्योलाल मीणा, राधाकिशन मीणा, किशन फौजी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजाराम मीणा, बुद्धराम मीणा, बद्री डाक्टर, सीताराम मीणा, कजोड थुणी, रामसहाय किवाडा, लालचंद मीणा, बुद्धि नारेडा, मोतीलाल मीणा, रमेश करेडा, एडवोकेट मेघराज मीणा, शंकर पलेई सहित कई लोग मौजूद थे।

### तिलक की जयंती पर पौधारोपण किया

**फुलेरा,** (निसं)। ग्राम पंचायत काचरोदा के राजस्व ग्राम श्याम नगर, ढाणी नागान में संचालित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जयंती के अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। साथ ही उसके सार संभाल की जिम्मेदारी भी ली गई। कार्यक्रम प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि हरित विद्यालय के अंतर्गत इको क्लब के पांच सदन वायु, अग्नि, जल, आकाश और पृथ्वी सभी विभिन्न सदनों ने पौधारोपण किया। और इनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रतन लाल जैन ने कहा कि पौधा रोपण पर्यावरण संरक्षण की नींव है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक रतन लाल जैन, सुनील कुमावत, करुणा सांखला, विद्या देवी, श्वेता शर्मा, मीरा सैनी सहित वार्ड पंच हेमराज कुमावत, कमला मैसी, संतोष सैन, सीता चौधरी के साथ कई अभिभावक एवं विद्यालय स्टाफ और छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### चरागाह में चर रही गाय पर हमला

**चाकसू,** (निसं)। कोटखावदा थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में रविवार की शाम को चरागाह भूमि पर चर रही दुधारू गाय पर एक व्यक्ति ने जानलेवा हमला कर दिया जिससे गाय गम्भीर रूप से घायल हो गयी। वहीं गाय के मालिक ने सोमवार को कोटखावदा थाने में हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम को बिलासपुर गांव में चरागाह भूमि पर गाय चर रही थी जिस पर गांव के अवधेश जाट ने प्राणघातक हमला कर दिया जिससे गाय के दोनों सींग टूट गए वहीं गाय के मालिक पवन जांगिड़ ने हमलावर अवधेश जाट के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है ।

### बेटों ने मां की आंखें दान की

**सांभरझील,** (निसं)। यहां की रहने वाली सोनी देवी पत्नी प्रभात ऑलोरिया की मौत होने पर उसके बेटों ने आई आई बैंक सोसाइटी आफ राजस्थान को उसकी आंखें दान की है। विगत 16 जुलाई को निकटवर्ती ग्राम रिणगी में अज्ञात वाहन के दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी, इलाज के दौरान सवाई मानसिंह चिकित्सालय में 22 तारीख को उसका निधन हो गया था। जिसके बाद मृतका के पुत्र नेमीचंद , हीरालाल, ग्यारसीलाल, मंगल ने अपनी मां की आंखें दान की।